दिनांक : 16.09.2025 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री कल धार से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का करेंगे शुभारंभ, पीएम मित्र पार्क की रखेंगे आधारशिला।
- मुख्यमंत्री ने भोपाल में स्वसहायता समूह के स्वदेशी मेला का किया शुभारंभ।
- इन्दौर हादसे पर मुख्यमंत्री ने कड़ी कार्यवाही करने के दिये निर्देश, घायलों से की मुलाकात।
- मौसम विभाग ने बुरहानपुर, खरगोन सहित पांच जिलों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया।

प्रधानमंत्री धार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल धार जिले के ग्राम भैंसोला आएंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार, राष्ट्रीय पोषण माह अभियान और 'आदि सेवा पर्व', का शुभारंभ करेंगे। साथ ही देश के पहले 'पीएम मित्र पार्क' का शिलान्यास करेंगे।

प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा शिलान्यास किये जा रहे पीएम मित्र पार्क का सबसे बड़ा लाभ प्रदेश के कपास उत्पादकों को मिलेगा। लगभग 2158 एकड़ में विकसित होने वाला पीएम मित्र पार्क विश्व स्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित होगा।

अब तक इसमें 23 हजार 146 करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव विभिन्न कंपनियों से प्राप्त हो चुके हैं। 'पीएम मित्र पार्क' से लगभग 3 लाख रोजगार सृजित होंगे। '

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान की शुरूआत भी करेंगे।

प्रधानमंत्री-उ□हार नीलामी

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिले एक हज़ार तीन सौ से ज़्यादा उपहारों की आज से ऑनलाइन नीलामी की जाएगी। नई दिल्ली में प्रधानमंत्री स्मृति चिन्हों की ई-नीलामी के सातवें संस्करण को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नीलाम की जाने वाली वस्तुओं में पेंटिंग, कलाकृतियाँ, मूर्तियाँ, देवी-देवताओं की मूर्तियां और कुछ खेल सामग्री शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस नीलामी से प्राप्त धन को नमामि गंगे मिशन जैसी सरकारी पहलों में निवेश किया जाएगा। इस नीलामी के पिछले संस्करण से सरकार को पचास करोड़ रुपये से ज़्यादा की कमाई हुई थी।

मुख्यमंत्री- भो□ाल हाट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल हाट में लगा स्व-सहायता समूहों का 'स्वदेशी मेला-स्वदेशी व्यंजनों के संग', इन गतिविधियों शुरूआत की । मेले में 40 स्व-सहायता समूह भाग ले रहे हैं। इससे लगभग 3 हजार 600 से अधिक परिवार लाभान्वित होंगे। आगामी तीज-त्यौहारों के दृष्टिगत यह स्वदेशी मेला महत्वपूर्ण है, इससे भोपाल वासी स्वदेशी उत्पादों की आत्मीयता का अनुभव ले सकेंगे। इसके माध्यम से गांवों में घर-घर में बनने वाली वस्तुओं को बाजार और प्लेटफार्म उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है।

सेवा □र्व - जलवायु क्षेत्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन मंत्र से अभिप्रेरित सरकार प्रगति और परिवर्तन के लिए लगातार काम कर रही है। विशेष श्रृंखला **सेवा □र्व** में आज भारत को वैश्विक जलवायु क्षेत्र में अग्रणी बनाने के नरेन्द्र मोदी सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया जा रहा है।

सेवा पखवाड़ा

कल से शुरु हो रहे 'सेवा पखवाड़े के तहत प्रदेश में कई कार्यक्रमोंका आयोजन किया जाएगा। ' राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान में रक्तदान शिविर और मैराथन जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे,। जबलपुर के कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने 'सेवा पखवाड़ा' के तहत 21 सितंबर को 6 किलोमीटर की 'नमो मैराथन रेस' के आयोजन पर कहा कि यह मैराथन फिट इंडिया अभियान को मजबूत करेगी और इसमें सभी नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। इस दौरान, जिले के 13 अलग-अलग स्थानों पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य नागरिकों और विशेष रूप से युवाओं को समाजसेवा के लिए प्रेरित करना है। इसी तरह नीमच में अभियान के शुभारंभ कार्यकम का सभी स्वास्थ संस्थाओं, आंगनवाडी केंद्रो में सीधा प्रसारण किया जावेगा। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने आज जिला अधिकारियों की बैठक में सेवा पखवाड़ा एवं पोषण माह के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, गतिविधियों की तैयारियों की समीक्षा की।

इंदौर हादसा

इंदौर में कल शाम हुए ट्रक हादसे पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। आज इंदौर में घायलों और पीड़ित परिवारों से मुख्यमंत्री ने मुलाकात की । उन्होंने पुलिस उपायुक्त यातयात को हटाने और जिम्मेदार पुलिस कर्मियों को निलंबित करने को कहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मृतक के परिजन को 4 - 4 लाख रूपये की सहायता, घायलों को एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने और घायलों के इलाज का खर्चा सरकार द्वारा वहन करने की घोषणा भी की।

जीएसटी सुधार - कृषि क्षेत्र

इस स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की थी। इस महीने की 3 तारीख को उनका यह सपना साकार हुआ, जब जीएसटी परिषद ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर दरों में कटौती की। आज, हम कृषि क्षेत्र विशेषकर ट्रैक्टरों के लिए सुधारों पर एक नज़र डालते हैं।

मौसम

प्रदेश में पिछले दो दिनों से साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण कई जिलों में बारिश का सिलसिला जारी है। कल सीधी, सिवनी, रायसेन जिलों में भारी वर्षा हुई। सर्वाधिक वर्षा खुरई में करीब 3 दशमलव 6 इंच दर्ज की गई। मौसम विभाग ने बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी, छिन्दवाड़, सिवनी जिलों के भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

....